प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 05.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम के नौंवें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे।

2– केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी आधारित राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म–''भारत टैक्सी'' का किया शुभारंभ।

3– बीजापुर जिले में आज हुई मुठभेड़ में आठ लाख रूपये का इनामी माओवादी मारा गया–इसी जिले में बारह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– स्वदेश दर्शन योजना के तहत मुख्यमंत्री ने आज मयाली–बगीचा विकास परियोजना का किया भूमिपूजन।

---

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल छह फरवरी को ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम के नौंवें संस्करण के तहत देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में श्री मोदी परीक्षा को लेकर बढ़ते तनाव को कम करने, सकारात्मक सोच विकसित करने और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए संवाद करते हैं।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की अदिति उपाध्याय और ख्याति साहू का भी चयन किया गया है।

---------------------------------------------------------------

**अमित शाह–छत्तीसगढ़**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह सात फरवरी को छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर आएंगे। अपने प्रवास के दौरान श्री शाह राज्य में आंतरिक सुरक्षा, वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा करने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह सात फ़रवरी की शाम रायपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे, जिसमें राज्य से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और सुरक्षा विषयों पर चर्चा की जाएगी। अगले दिन यानी आठ फरवरी को श्री शाह रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा सुरक्षा एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसी दिन केन्द्रीय गृह मंत्री राष्ट्रीय कॉनक्लेव 'छत्तीसगढ़ एट द रेट ट्वेंटी फाइव : शिफ्टिंग द लेंस' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

अपने प्रवास के तीसरे और अंतिम दिन श्री शाह नौ फ़रवरी को जगदलपुर में आयोजित बस्तर पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

---------------------------------------------------------------

**अमित शाह–भारत टैक्सी**

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारत के पहले सहकारी आधारित राइड–हेलिंग प्लेटफॉर्म–"भारत टैक्सी" का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि सरकार टैक्सी सेवा क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारी समितियां इस क्षेत्र में शामिल हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारी टैक्सी सेवा ड्राइवरों का समर्थन करेगी, उनकी आमदनी बढ़ाएगी और उनके लिए समृद्धि लाएगी। श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी ड्राइवरों द्वारा अर्जित किराए पर कोई कमीशन नहीं लेगी।

---

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ लाख रूपये का एक इनामी माओवादी मारा गया है। घटनास्थल से माओवादी के शव के अलावा एक एके–सैंतालीस रायफल, स्वचलित हथियार, विस्फोटक और माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि तर्रेम थाना क्षेत्र के दक्षिण क्षेत्र में दक्षिण बस्तर डिवीजन डीवीसीएम उधम सिंह सहित अन्य माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उधम सिंह मारा गया। इस माओवादी पर पुलिस पार्टी पर हमला करने सहित कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप था। अंतिम समाचार लिखे जाने तक दोनों ओर से रूक–रूककर गोलीबारी हो रही है।

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने माओवादियों से हिंसा छोड़ने को कहा।

इस बीच, बीजापुर जिले में ही भट्टीगुड़ा के जंगल से सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा डम्प की गई सामग्री बरामद की है। इनमें सौ से अधिक आईईडी बनाने का सामान, जिलेटिन पाउडर, छत्तीस किलो डेटोनेटर और दो सौ पच्चीस कॉर्डेक्स वायर के साथ बयालीस देशी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर सेल शामिल हैं।

---

## माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज आठ महिला सहित बारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी माओवादियों पर कुल चौव्वन लाख रुपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. और पुलिस तथा सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

---------------------------------------------------------------

**मयाली–बगीचा विकास परियोजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज स्वदेश दर्शन योजना के तहत जशपुर जिले के मयाली नेचर कैंप में मयाली–बगीचा विकास परियोजना का भूमिपूजन किया। लगभग दस करोड़ रुपये की लागत से बनने जा रहे इस परियोजना के तहत विश्व प्रसिद्ध मधेश्वर पर्वत और बगीचा स्थित कैलाश गुफा क्षेत्र में विभिन्न पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मयाली अब पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है और आने वाले समय में यह एक वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा। इस परियोजना के अंतर्गत मयाली डैम के पास पर्यटक रिसोर्ट और कौशल विकास केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। श्री साय ने कहा कि मयाली को समग्र इको–टूरिज्म और एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------

**अग्निवीर भर्ती–आवेदन**

भारतीय थल सेना द्वारा छत्तीसगढ़ के अविवाहित पात्र अभ्यर्थियों से अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उम्मीदवार एक अप्रैल तक थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर भर्ती के तहत जनरल ड्यूटी, तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस और नियमित कैडर भर्ती के साथ धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी के पदों

पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन लिखित परीक्षा बाईस अप्रैल के बाद संभावित है। उम्मीदवार की आयु साढ़े सत्रह से इक्कीस वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी को कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण होने के साथ ही आईटीआई अथवा इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट पद के लिए ऑनलाइन परीक्षा के दौरान टाइपिंग टेस्ट भी आयोजित किया जाएगा।

अग्निवीर भर्ती से संबंधित जानकारी थल सेना की वेबसाइट, सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और जिला रोजगार तथा स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

---------------------------------------------------------------

**उप पंजीयक कार्यालय**

रजिस्ट्री और पंजीयन से जुड़ी सेवाएं लोगों को उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में चार नये उप पंजीयक कार्यालय खोले जाएंगे। रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के प्रावधानों के तहत धमतरी जिले के भखारा, बलौदाबाजार—भाटापारा जिले के लवन और बिलासपुर जिले के सकरी तथा राजकिशोर नगर में उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

---------------------------------------------------------------

**जांजगीर—आग**

जांजगीर—चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र में एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में भीषण आग लग गई। इस आग में एक ही परिवार के पांच लोग फंस गए थे, जिनमें से चार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, एक बच्चा अभी भी फंसा हुआ है। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। वहीं, तहसीलदार और थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद हैं। इस घटना के कारण बिलासपुर—कोरबा मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित हुआ है।

---------------------------------------------------------------

**मयंक पटेल—बॉडीबिल्डिंग**

बालोद जिले के दल्लीराजहरा में आयोजित राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में कोंडागांव के मयंक पटेल ने सत्तर किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, प्रतियोगिता की ओवरऑल चैंपियनशिप में भी उन्हें रजत पदक से सम्मानित किया गया है। इस प्रतियोगिता में देशभर के नामी बॉडीबिल्डर्स ने भाग लिया।

---------------------------------------------------------------

**कैंसर दिवस–एम्स रायपुर**

विश्व कैंसर दिवस पर रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के बाल रोग विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। **"आशा और संकल्प की कहानियां"** विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्सकों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण **"आशा की आवाज़"** सत्र रहा, जिसमें कैंसर से उबर चुके बच्चों और किशोरों ने अपने उपचार, संघर्ष और नई आशा से भरी जीवन यात्राएं साझा कीं। इस अवसर पर लगभग पचास बच्चों और किशोरों का सम्मान किया गया।

---------------------------------------------------------------

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के तहत कल छह फरवरी को रायपुर के विज्ञान महाविद्यालय परिसर में सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे तक दो सौ चौव्वन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

– कोरबा के मानिकपुर चौकी क्षेत्र में एसईसीएल की खदान में काम कर रहे एक मजदूर की नीचे गिरने से मौत हो गई।

–	रायगढ़ जिले के खरसिया में आज एक टायर फैक्ट्री में विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आने से एक बच्ची सहित आठ लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

–	जांजगीर–चांपा जिले के घुठिया गांव में धान का टोकन नहीं मिलने से नाराज किसानों ने आज नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>